



### एक नजर में

## पंजीयन के लिए उपार्जन होगा पोर्टल पर दर्ज

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना एवं मसूर उपार्जन हेतु पंजीयन प्रक्रिया 16 मार्च 2026 तक ई-उपार्जन पोर्टल पर की जाएगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा कृषकों की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं, जिससे पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत चना एवं मसूर के पंजीयन हेतु किसानों को निर्धारित अवधि में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।**

इस वर्ष उपार्जन केंद्र पर उपज विक्रय से पूर्व किसानों की वास्तविक पहचान आधार-सक्षम पीओएस मशीन अथवा सोबाइल एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा की जाएगी। पूर्व वर्षों की भांति ओटीपी आधारित सत्यापन मान्य नहीं होगा।यदि किसान स्वयं उपार्जन केंद्र पर उपस्थित नहीं हो पाते हैं, तो वे पंजीयन के समय अधिकतम 03 अधिकृत व्यक्तियों का नाम एवं आधार संख्या दर्ज करा सकेंगे। अधिकृत व्यक्ति दवारा भी आधार-सक्षम फेस ऑथैटिकेशन अनिवार्य होगा। एक व्यक्ति अधिकतम तीन किसानों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकेगा। आवश्यक दस्तावेजों सहित ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराकर योजना का लाभ ले ।

# खेत तालाब योजना की राशि में फर्जीवाड़ा

**ग्राम रोजगार सहायक ने फर्जी मस्टर के जरिए की धोखाधड़ी**

**पीड़ित पक्ष ने जिला पंचायत सहित जनपद में की शिकायत**




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ खरगापुर। खेत तालाब योजना की राशि को ग्राम रोजगार सहायक खुमानलाल अहिरवार द्वारा फर्जी मस्टर के जरिए धोखाधडी पूर्वक निकाल लेने का मामला खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत से निकलकर सामने आया है। इस मामलें में पीड़ित पक्ष ने मुख्यालय पर आकर जिला प्रशासन से लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में पीड़ित पक्ष ने ग्राम रोजगार सहायक खुमानलाल अहिरवार के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की है।**

शिकायतकर्ता पठराई ग्राम निवासी अर्जुन तनय मुन्न वंशकार आयु 38 वर्ष जनपद पंचायत बल्देवगढ़ क्षेत्र ने शिकायत करते हुए बताया कि आवेदक अनपढ़ कृषक निर्धन व्यक्ति है। जिसमें आवेदक द्वारा काम किया गया था और आवेदक को वर्ष 2024 में मूलक कार्य खेत तालाब योजना का लाभ दिया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत रोजगार सहायक अनावेदक ग्राम रोजगार सहायक खुमानलाल अहिरवार द्वारा आवेदक नाम छोड़कर अन्य हितग्राहियों के फर्जी तरीके से धोखाधडी पूर्वक आधा मस्टर लगाकर अन्य व्यक्तियों के नाम राशि 19676 रूपये निकाल ली है जब आवेदक को उक्त संबंध में जानकारी लगी तो आवेदक ने उक्त रोजगार सहायक खुमानलाल से संपर्क किया तो उसके द्वारा कहा गया कि तुम्हारी राशि बाद में आ जायेगी तब आवेदक ने उक्त संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि जॉब कार्ड संख्या के अनुसार प्यारेलाल कुशवाहा, सुमित्रा कुशवाहा के खाते में 2990 रूपये डाले गये, नंदलाल कुशवाहा के खाते 4374 रूपये डाले गये। दीनदयाल कुशवाहा के खाते में 12312 रूपये डाले गये। इस प्रकार उक्त तीनो के खातों में कुल एकत्र राशि 19676 रूपये डलवाये गये हैं। जो रोजगारसहायक खुमानलाल अहिरवार द्वारा फर्जी तरीके से धोखाधड़ी कर मस्टर लगाकर उक्त लोगों के खाते में डाले गये हैं। खेत तालाब योजना की राशि को ग्राम रोजगार सहायक खुमानलाल अहिरवार द्वारा फर्जी मस्टर के जरिए धोखाधडी पूर्वक निकाल लेने का मामला खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत से निकलकर सामने आया है। इस मामलें में पीड़ित पक्ष ने मुख्यालय पर आकर जिला प्रशासन से लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में पीड़ित पक्ष ने ग्राम रोजगार सहायक खुमानलाल अहिरवार के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

खरगापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पठराई में रोजगार सहायक द्वारा की गई मनमानी के चलते शासन की राशि का हेरफेर करने का मामला सामने आया है। रोजगार सहायक के खिलाफ जांच का कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आवेदन देते हुए बताया कि वह पूर्व में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के समक्ष लिखित में आवेदन दिया था और कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के समक्ष लिखित में आवेदन दिया। खेत तालाब योजना की राशि को ग्राम रोजगार सहायक खुमानलाल अहिरवार द्वारा फर्जी मस्टर के जरिए धोखाधडी पूर्वक निकाल लेने का मामला क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत से निकलकर सामने आया है।

### 19676 रुपये की राशि का हेरफेर

जॉब कार्ड संख्या के अनुसार प्यारेलाल कुशवाहा, सुमित्रा कुशवाहा के खाते में 2990 रूपये डाले गये, नंदलाल कुशवाहा के खाते 4374 रूपये डाले गये। दीनदयाल कुशवाहा के खाते में 12312 रूपये डाले गये। इस प्रकार उक्त तीनो के खातों में कुल एकत्र राशि 19676 रूपये डलवाये गये हैं। जो रोजगारसहायक खुमानलाल अहिरवार द्वारा फर्जी तरीके से धोखाधड़ी कर मस्टर लगाकर उक्त लोगों के खाते में डाले गये हैं।

### जनपद सीईओ ने नहीं की कार्रवाई

शिकायतकर्ता ने आवेदन देते हुए बताया कि वह पूर्व में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के समक्ष लिखित में आवेदन दिया था और कलेक्टर टीकमगढ़ एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टीकमगढ़ के समक्ष लिखित में आवेदन दिया। जिस पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही आवेदक को उसकी उक्त योजना अनुसार राशि प्रदान की गई है। जिसकी जाँच कराकर उक्त अनावेदक के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर आवेदक को उसकी योजना अनुसार राशि प्रदान किया जाना न्यायोचित होगा।

## एक युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। देहात थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। उसके परिवार के सदस्यों ने ही लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दो-तीन लोग युवक को पीटते हुए दिख रहे हैं।**

जानकारी के अनुसार शिवचरण उर्फ बाबू अहिरवार गुरुवार को शराब के नशे में घर पहुंचा था। इसी दौरान उसका परिवार के सदस्यों भागचंद अहिरवार, प्रकाश अहिरवार और मनोज अहिरवार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर तीनों ने मिलकर बाबू के साथ मारपीट की। मोहल्ले के कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया।वीडियो सामने आने के बाद देहात थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शराब के नशे में कहासुनी के बाद शिवचरण उर्फ बाबू का अपने परिवार के सदस्यों से विवाद हुआ था, जिसके बाद भागचंद, प्रकाश और मनोज ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित पक्ष को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है।

देहात थाना बीट प्रभारी अभय मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के बयान दर्ज होने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है। देहात थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। उसके परिवार के सदस्यों ने ही लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दो-तीन लोग युवक को पीटते हुए दिख रहे हैं।

## अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने की पुलिस में शिकायत




**नवभारत न्यूज पलेरा। पलेरा क्षेत्र के ग्राम बेला में विन्देला तनय लटोरे अहिरवार ने ग्राम के पानी निकास वाली नाली के मुहाले पर रात्रि के समय दीवाल बनाने का मामला सामने आया है। जिससे मोहल्ले की सम्पूर्ण रास्ते में करीब एक फुट ऊपर पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों ने इस समस्या का निराकरण कराने के लिए पुलिस में ज्ञापन सौंपा है।**

ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम बेला में करीब 40 बर्षों से सार्वजनिक नाली बनी हुई है। जिसमे समस्त ग्रामवासी के घरो का पानी आता है लेकिन उक्त नाली के अंतिम मुहाले पर अनावेदक चिन्टेला तनय लटोरे अहिरवार निवासी बेला के द्वारा रात्रि के समय दीवाल बना दी है। जिससे नालियो का पानी वाहर न निकलने के कारण सम्पूर्ण रास्ते में करीव एक फीट ऊपर पानी भर गया है जिससे ग्रामवासियो को आने जाने में परेशानी उत्पन्न हो रही है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने इस मामले में जाँच करवाकर नाली के ऊपर वनी दीवाल को हटवाकर अनावेदक के ऊपर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## आज मवई में लगेगा गार्ड भर्ती का कैंप

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है।**

7 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय मबई में तथा 9 मार्च को जनपद पंचायत टीकमगढ़ में प्रात: 11 बजे से शाम 3 बजे तक भर्ती कैंपो का आयोजन किया जायेगा।

उम्मीदवार जिनकी योग्यता 10वीं पास या फैल उम्र 19 से 40 ऊंचाई 168 सेमी से ऊपर, वनज 56 किलो से 90 किलो के बीच हो वे उक्त स्थानें में 10वी की अंकसूची की फोटोकॉपी दो फोटो आधार कार्ड एवं चयनित उम्मीदवार प्रोस्पेक्ट फॉर्म फीस 350 रूपये ऑनलाइन क्यूआर कोर्ड से जमा होगी। अधिक जानकारी के लिये अधिकारी से सम्पर्क कर ले। शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना दिगौड़ा थाना क्षेत्र के वर्मा मांझ गांव के पास हुई।**

डायल 112 के पायलट सचिंद्र प्रताप ने बताया कि टक्कर में वर्मा मांझ निवासी गजेंद्र घोष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।जिला अस्पताल में डॉ. सिद्धार्थ रावत ने



गजेंद्र घोष का परीक्षण किया और उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. रावत के अनुसार, गजेंद्र घोष की मौत सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हुई है।दूसरी बाइक पर सवार दीपेश के पैर में भी चोट लगी है। उन्हें भी डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है और उन्हें भर्ती कर लिया गया है। पुलिस ने मृतक गजेंद्र घोष के शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा दिया है और उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। दिगौड़ा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## 9 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शासकीय आईटीआई शनि मंदिर के पास जतारा रोड टीकमगढ़ में 9 मार्च 2026 को प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। उक्त युवा संगम, रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मेला को लेकर अधिकारी तैयारियों में लगे हुए है।

## पुलिस परेड ग्राउंड में मनाया गया होली मिलन समारोह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रंगों के त्योहार को लेकर पुलिस विभाग ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। पुलिस परेड ग्राउंड स्थित आरआई दफ्तर में अधिकारियों और जवानों ने उत्साह के साथ होली खेली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई को घोड़े बग्गी में बैठाकर पुलिस लाइन लाया गया।**

समारोह के दौरान जवानों ने एसपी मंडलोई को अपने कंधों पर उठाकर जमकर डांस किया। फिल्मी गानों पर पुलिस अधिकारी भी थिरकते नजर आए, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया। दरअसल, बुधवार को होली के मुख्य दिन पुलिस अधिकारी और जवान सुबह से देर रात तक ड्यूटी पर तैनात थे। इसी कारण, गुरुवार को पुलिस विभाग की ओर से यह विशेष होली समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसपी मनोहर मंडलोई के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह,



एसडीओपी राहुल कटरे, पुलिस लाइन आरआई कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी कैलाश पटेल, कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण त्रिपाठी और देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। एसपी मंडलोई सिर पर साफा बांधे होली के रंगों में रंगे नजर आए।पुलिस जवानों के परिजन भी इस होली मिलन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी।

इससे पहल कलेक्टर बंगले पर भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। टीकमगढ़ जिले में होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह में जिले भर के थाना प्रभारी सहित पुलिस के जवान मौजूद रहै।

## किसान के खेत से भारी मात्रा में अफीम के पौधे जब्त

**दिगौड़ा थाना पुलिस ने दिया बड़ी कार्यवाही को अंजाम**

**किसान ने गेहूं की फसल के बीच लगाए थे पौधे**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक किसान के खेत से भारी मात्रा में अवैध अफीम के पौधे जब्त किए हैं। पुलिस ने गेहूं की फसल के बीच छिपाकर उगाई गई करीब 419 किलोग्राम अफीम की फसल पकड़ी है। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत 45 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर दिगौड़ा थाना पुलिस ने ग्राम प्रतापपुरा क्षेत्र में दबिश दी।**

यहां धंसा केवट (65) के खेत मालन का हार में गेहूं की फसल के



बीच अवैध रूप से अफीम के पौधे लगाए गए थे। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अफीम के पौधों को जड़, तना और पत्तियों सहित जब्त किया और उनका वजन कराया। जांच में कुल 419.1 किलोग्राम अवैध अफीम के पौधे बरामद हुए, जिनकी कीमत लगभग 45 लाख 13 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी धंसा केवट के खिलाफ दिगौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 55/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में मामला दर्ज किया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह तीन दिनों के भीतर अफीम के खिलाफ दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले दिगौड़ा थाना पुलिस ने रतनगुवा गांव में अजीत खान के खेत से 27 किलोग्राम अफीम के पौधे जब्त किए थे। कार्रवाई में निरीक्षक मनीष मिश्रा सहित दिगौड़ा थाना पुलिस की टीम की अहम भूमिका रही।पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक किसान के खेत से भारी मात्रा में अवैध अफीम के पौधे जब्त किए हैं। पुलिस ने गेहूं की फसल के बीच छिपाकर उगाई गई करीब 419 किलोग्राम अफीम की फसल पकड़ी है। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत 45 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर दिगौड़ा थाना पुलिस ने ग्राम प्रतापपुरा क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस ने आरोपी धंसा केवट के खिलाफ दिगौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 55/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में मामला दर्ज किया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले जतारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने इसी प्रकार की एक बड़ी कार्यवाही की थी।

**निरीक्षण** — **लापरवाह कर्मचारियों को जारी हुए कारण बताओ नोटिस**

# कलेक्टर के निरीक्षण में नियमित नहीं मिली आयुष केन्द्र की ओपीडी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्राम मऊबुजुर्ग में आरोग्य आयुष मंदिर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुष केन्द्र में ओपीडी नियमित नहीं पाये जाने पर कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सीएचओ तथा संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। तत्पश्चात उन्होंने आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा स्थानीयजनों से चर्चा की तथा शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को लगाये जा रहे एचपीव्ही टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली।**

इस दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने ग्रामीणजनों को जानकारी देते हुये बताया कि



सर्विकल कैंसर महिलाओं को होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है, जो कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होता है। हर साल लाखों महिलाएँ इस बीमारी से प्रभावित होती हैं। समय पर एचपीव्ही वैक्सीन लगवाने से इस कैंसर का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर एचपीव्ही ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के खिलाफ राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14-15 वर्ष की किशोरियों को नि:शुल्क टीका लगाया जा रहा है। श्री श्रोत्रिय ने सभी जिलेवासियों से अनुरोध किया कि अपने परिवार, गांव, समाज, नगर में सभी 14-15 वर्ष की लड़कियों को नजदीकी सीएचसी और जिला चिकित्सालय में ले जायें और एचपीवी का टीका नि:शुल्क लगवायें जिससे उन्हें भविष्य में होने वाले सर्विकल कैंसर जैसे गंभीर और जानलेवा रोग से बचाया जा सके। इस संबंध में आशा, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, कि वह घर-घर जाकर यह जानकारी सबको दें। यह टीकाकरण जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। आयुष केन्द्र की ओपीडी नियमित नहीं पाए जाने पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने लापरवाह कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### एचपीव्ही वैक्सीन लगवाने से कैंसर का खतरा होता कम

सर्विकल कैंसर महिलाओं को होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है, जो कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होता है। हर साल लाखों महिलाएँ इस बीमारी से प्रभावित होती हैं। समय पर एचपीव्ही वैक्सीन लगवाने से इस कैंसर का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर एचपीव्ही ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के खिलाफ राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्राम मऊबुजुर्ग में आरोग्य आयुष मंदिर का औचक निरीक्षण किया।

## 63 केन्द्रों पर हो रहा फसलों का पंजीयन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन 2026-27 के लिये गेहूँ का पंजीयन 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी किसानों से 7 मार्च के पूर्व गेहूँ पंजीयन कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि जिले में 63 पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन किया जा रहा है।**

किसान भाईयों से अनुरोध है, कि समय पर पंजीयन करालें। उपज विक्रय के समय समस्त संबंधित दस्तावेज साथ लायें। आधार खाता लिंक कराकर रखें, ताकि भुगतान सुविधापूर्वक किया जा सके। रबी विपणन 2026-27 के लिये गेहूँ का पंजीयन 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी किसानों से 7 मार्च के पूर्व गेहूँ पंजीयन कराने का अनुरोध किया है।

## नि :शुल्क प्रवेश की समय सारणी जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अशासकीय स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में सत्र 2026-27 हेतु नि:शुल्क प्रवेश के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी की गई है।**

9 मार्च 2026 को नि:शुल्क प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त अशासकीय शाला एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन, पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन एवं त्रुटि सुधार 13 से 28 मार्च 2026 तक, आवेदन पश्चात सत्यापन केन्द्र जनशिक्षा केन्द में सत्यापन कराना 14 से 30 मार्च 2026 तक, रेण्डम पद्धति से ऑनलाईन लाटरी द्वारा शाला का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 2 अप्रैल को तथा आवंटन उपरांत अशासकीय शाला में प्रवेश हेतु उपस्थित होना एवं शाला द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से एडमीशन रिर्पोटिंग 3 से 15 अप्रैल 2026 तक निर्धारित की गई है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय शालाओं में ऑनलाईन नि:शुल्क प्रवेश के लिये पात्र इच्छुक आवेदक ग्राम, वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय शालाओं में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित शालाओं में से न्यूनतम 3 स्कूलों तथा अधिकतम 10 स्कूलों का चयन कर नि:शुल्क प्रवेश हेतु अपनी समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन करके ऑनलाईन आवेदन दर्ज कर सकेंगे। आवेदन के पश्चात निर्धारित तिथि एवं निर्धारित सत्यापन केन्द्र पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है, सत्यापन उपरांत पात्र पाये गये आवेदकों को ऑनलाईन लाटरी के माध्यम से अशासकीय शाला का आबंटन किया जायेगा। नि:शुल्क प्रवेश के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी की गई है।